निर्णय ब इजलास प्रियंका गोस्वामी आई.ए.एस. अपीलीय अधिकारी (कलक्टर), कोटपूतली बहरोड़

प्रकरण संख्या 162/2025 (सूचना का अधिकार अधिनियम 2005)

पुष्पेन्द्र सिंह यादव पुत्र कंवर सिंह यादव निवासी ग्राम सिलारपुर
तहसील नीमराना, जिला कोटपूतली–बहरोड़, राजस्थान।

.....अपीलार्थी

बनाम

राज्य लोक सूचना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर कोटपूतली–बहरोड़।

.........प्रत्यर्थी

अपील अन्तर्गत धारा 19 (1) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005.

दिनांक 27.11.2025

निर्णय

1. संक्षेप में अपील के तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(1) के तहत राज्य लोक सूचना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर कोटपूतली–बहरोड़ उपलब्ध नहीं करवाने से यह अपील पेश कर वांछित सूचना दिलाने का अनुरोध किया है।
2. अपील प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर की गई। राज्य लोक सूचना अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी सूचना का अधिकार शाखा अतिरिक्त कलक्टर कोटपूतली–बहरोड़ को अपील मीमों की फोटो प्रति प्रेषित की जाकर बिन्दूवार टिप्पणी तलब की गई। अपीलार्थी को नोटिस जारी किया गया, अपीलार्थी उपस्थित नहीं हुआ।
3. पत्रावली का भलीभांति अवलोकन किया गया।
4. राज्य लोक सूचना अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी सूचना का अधिकार शाखा अतिरिक्त कलक्टर कोटपूतली–बहरोड द्वारा अपने पत्र क्रमांक आरटीआई/2025/542 दिनांक 21.11.2025 के द्वारा अवगत कराया कि आवेदक द्वारा चाही गई सूचना में इस कार्यालय का पत्रांक आरटीआई/2025/441 दिनांक 16.10.2025 के द्वारा आवेदक को दी जा चुकी है। अंत में राज्य लोक सूचना अधिकारी ने प्रकरण में कोई कार्यवाही शेष नहीं होने से अपील ड्रोप करने हेतु निवेदन किया।
5. अपीलार्थी को भी जरिये नोटिस सूचित किया लेकिन अनुपस्थित।
6. हमने पत्रावली का अवलोकन किया एवं राज्य लोक सूचना अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी द्वारा प्रस्तुत जवाब का अवलोकन किया जिससे स्पष्ट है कि आवेदक द्वारा चाही गई वांछित सूचना के संबंध में प्रत्यर्थी ने पत्रांक आरटीआई/2025/441 दिनांक 16.10.2025 के द्वारा अपीलार्थी को सूचना दी जा चुकी है, जिससे अपील सारहीन होना प्रतीत होती है। प्रत्यर्थी द्वारा पेश जवाब एवं दस्तावेज का अवलोकन करने पर अपील अपीलान्ट खारिज योग्य होने से अपील अस्वीकार कर खारिज की जाती है।
7. निर्णय की प्रति हस्ब कायदा उभय पक्ष को जारी हो। पत्रावली नम्बर से कम होकर फैसल शुमार हो।
8. निर्णय आज दिनांक 27.11.2025 को सरे इजलास सुनाया गया।

(प्रियंका गोस्वामी)
आई.ए.एस.
अपीलीय अधिकारी (कलक्टर)
कोटपूतली–बहरोड़

जिला कलक्टर
कोटपूतली–बहरोड़